## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 27.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भाजपा नेता दिवंगत अनिल महतो के अंतिम संस्कार में शामिल हुए और उन्हें अंतिम विदाई दी। गौरतलब है कि अनिल महतो की हत्या के विरोध में आज रांची बंद के दौरान कार्यकर्ताओं ने वाहनों की आवाजाही को बाधित किया। बंद का असर सार्वजनिक परिवहन पर पड़ा, जिससे ऑटो और ई–रिक्शा बंद रहे। भाजपा समर्थकों ने हत्यारों की गिरफ्तारी तक विरोध जारी रखने की चेतावनी दी है। पुलिस प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयास से मानव तस्करी के शिकार झारखंड के 25 नाबालिग बच्चों को मुक्त कराया गया है। दिल्ली पुलिस और स्थानीय एनजीओ के सहयोग से इन बच्चों को विभिन्न राज्यों से रेस्क्यू किया गया। इनमें खूँटी के 7 और साहिबगंज और गोड्डा के 18 बच्चे शामिल हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने सभी जिलों को तस्करी के मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बच्चों की काउंसलिंग, होम वेरिफिकेशन और पुनर्वास झारखंड सरकार की योजनाओं के तहत किया जाएगा।

********************

राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा एक नई पहल के रूप में देश के हर जिले में विवाहपूर्व परामर्श केंद्र स्थापित किया जाएगा। पटना में मीडिया से बातचीत में महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोग ने इस नई पहल की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि 11 राज्यों में अब तक इस तरह के 23 केंद्र खोले जा चुके है। श्रीमती राहटकर ने कहा कि ये विवाहपूर्व परामर्श केंद्र विवाह करने वाले जोड़ों की मदद करेंगे।

********************

साहिबगंज जिले में ईद और रामनवमी को लेकर उपायुक्त हेमंत सती और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने त्योहारों के दौरान सुरक्षा कड़ी करने, संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखने और थाना प्रभारियों को अलर्ट रहने, विवादित क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात करने और ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। अफवाहों पर कड़ी नजर रखने और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल अधिकारियों को देने का आदेश दिया गया।

********************

गिरिडीह जिले के बोडो हवाई अड्डे के विस्तारीकरण के लिए झारखंड सरकार ने 35 करोड़ रुपये जारी किए। इस राशि से करीब 18 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, जबकि कुल 25 एकड़ भूमि अधिग्रहण की योजना है। गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि मुआवजा राशि जमीन मालिकों को दी जाएगी। हवाई अड्डे के विस्तार से छोटे विमानों के उतरने की संभावना बढ़ेगी।

********************

हजारीबाग सिविल कोर्ट में 10 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रंजीत कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपायुक्त नैंसी सहाय समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे। लोक अदालत में आपसी सहमति से सुलहनीय आपराधिक, सिविल, बैंक, बिजली, चेक बाउंस और अन्य मामलों का निपटारा होगा।

*********************

बोकारो स्टील सिटी को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*********************

झारखंड में फिर से गर्मी बढ़ी है। रांची में आज अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर में 37.4 और डालटेनगंज में 38.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में तापमान बढ़ने और अप्रैल के महीने में रांची में 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर तापमान होने की संभावना जताई है।

*********************

आईपीएल– टी–ट्वेंटी क्रिकेट में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला हैदराबाद में लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

*******समाप्त************